Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regrding Assam-Meghalya Border clashes.

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): सभापति महोदय, 20 नवम्बर, 2022 को असम और मेघालय के सीमांतर इलाके वेस्ट कार्बी आंगलोंग में मुठभेड़ होने के कारण लगभग छः व्यक्तियों को अपनी जान गंवानी पड़ी । ... (व्यवधान)

सर, हम बार-बार देख रहे हैं कि असम एवं उनके पड़ोसी, विभिन्न प्रदेशों के सीमांतर इलाकों में इस प्रकार की गतिविधियां हो रही हैं ।…(व्यवधान) यह बहुत दुर्भाग्यजनक बात है कि कुछ महीने पहले असम और मिजोरम के पुलिस कर्मचारी आपस में गोलियां चला रहे थे । शायद, हमने अपने देश के किसी भी कोने में ऐसा नहीं देखा होगा कि दो राज्य के पुलिस कर्मचारी एक-दूसरे पर गोली चला रहे हैं ।

सर, ताज्जुब की बात यह है कि चाहे असम हो, मेघालय हो या मिजोरम हो, वे सारे प्रदेश एक ही राजनीतिक गुट के हैं, जो 'नेडा' है । हम नेडा को आज की तारीख में नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस के नाम से जानते हैं, लेकिन इस प्रकार की गतिविधियों के कारण वह नॉर्थ-ईस्ट डिवाइड एलायंस हो गया है ।

आज नॉर्थ-ईस्ट में लोग सुख-शांति से, भाईचारे के साथ रहना चाहते हैं । लेकिन कभी शिलांग में हादसा होता है, कभी असम और मिजोरम में हादसे होते हैं । इसलिए मैं दरख्वास्त करता हूँ कि एमएचए राज्य सरकारों को आदेश दे कि पुलिस के कर्मचारियों को एसओपी दिया जाए । ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके ।